हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 30 .0 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

11 एंटरप्रेन्योरशिप फॉर ए ग्रीन प्लेनेट पर कार्यशाला आयोजित



12 बड़े धार्मिक आयोजन की सफलता में सभी का योगदानः सुनील मुसेपुर



### आईजीयू के प्रबंधन विभाग में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# जीव व प्रकृति के बीच सामंजस्य प्राचीन भारतीय ज्ञान से ही संभव

■ रामचरितरमण से भगवान राम की नेतृत्व भूमिका और व्यक्तित्व विशेषताओं का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सेमिनार में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में प्रबंधन विभाग की ओर से भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रबंधन विभाग के प्रो. डा. गगन दीप शर्मा एवं आईजीयू वाणिज्य विभाग के सहायक प्रो. डा. ईश्वर शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगीत के साथ किया गया। प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. समृद्धि ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत पुरातन काल से ही वनस्पति विज्ञान, आयुर्वेद, अर्थशास्त्र और आर्किटेक्चर का ज्ञाता रहा है, हमारे वेद, महाभारत, रामायण जैसे ग्रंथों और हड़प्पा व मोहन जोदड़ो जैसी सभ्यताओं के अध्ययन से हमें इनके साक्ष्य प्राप्त होते हैं। आज फिर से इस ज्ञान को समझने और सहजने की आवश्यकता है। डा. ईश्वर शर्मा ने सत्र की शुरूआत प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा की झलक के साथ की। उन्होंने छात्रों को वेदों, उपनिषदों, पुराणों, रामायण और श्रीमद् भगवद गीता जैसे ग्रंथों में निहित ज्ञान और विज्ञान के बारे में समझाया। उन्होंने रामचरितरमण से भगवान राम की नेतृत्व भूमिका और व्यक्तित्व विशेषताओं का वर्णन किया। ग्रंथों के श्लोकों के माध्यम से उन्होंने युवाओं को एक प्रभावशाली नेता व निर्णायक के व्यक्तित्व की विशेषताओं से अवगत कराया और अपने जीवन मे इन गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

डा. गगन दीप शर्मा ने छात्रों को मानवीय मूल्यों के महत्व के विषय में जागरूक किया। उन्होंने मूल्य और कौशल क्षेत्र का वर्णन किया, जिसमें उन्होंने समझाया कि मानव को जीवन में क्या करना है और कैसे करना है, इन दो प्रश्नों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जीवन शैली के 4 मुख्य पहलुओं सामग्री, पौधे, पशु और ज्ञान क्रम पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का लक्ष्य स्वयं की संतुष्टि और खुशी है, जो कि हमारे समाज, देश और संसार की खुशहाली और समृद्धि से जुड़ी हुई है और इसे प्राप्त करने के लिए हमे मानव, जीव और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करना होगा और वह केवल प्राचीन भारतीय ज्ञान से संभव है, जहां वसुधैव कुटुंबकम की परम्परा से सभी के कल्याण के लिए कार्य किया जाता है।

प्रबंधन विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. भारती ने कुलपति प्रो. जेपी यादव, कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार, विभागाध्यक्षों, संकाय अध्यक्षों, सत्र में भाग लेने वाले सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। सेमिनार में राजनीति विज्ञान, प्रबंधन और राव बहादुर सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डा. मुकेश यादव, कंवर सिंह, अदिति शर्मा, प्रबंधन विभाग के सभी रिसर्च स्कॉलर पूजा यादव, पूजा शर्मा, ज्योति ढहीनवाल, नेहा, नीतू, प्रियंका, ज्योति यादव, सुरभि तथा राजनीति विज्ञान विभाग से डा. पवन, अंशू, पंकज और कमलेश उपस्थित थे।

## मकान में सेंध लगाकर हजारों रुपये का सामान चोरी

रेवाड़ी। राजावास में एक बंद मकान में सेंध लगाकर चोर हजारों रुपये का सामान व नकदी चोरी कर ले गए। रोहड़ाई पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में सचिन ने बताया कि वह परिवार के साथ घर से बाहर गया हुआ था। घर आने पर सारा सामान बिखरा हुआ मिला। चोर उसके मकान से एक सिलाई मशीन, एक मोबाइल फोन, 2 सिलेंडर व पर्स चोरी कर ले गए। पर्स में कुछ नकदी थी। आसपास पता करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## ट्रॉला की टक्कर से कार चालक सहित दो घायल

धारूहेड़ा। बेसटेक सोसायटी के पास एक ट्रॉले की टक्कर से कार सवार महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस बयान में पुन्हाना के सरोली निवासी राहुल खान ने बताया कि वह अपने भाई की गाड़ी पर चालक के रूप में कार्य करता है। 23 मार्च को वह धारूहेड़ा निवासी वर्षा की बुकिंग लेकर आ रहा था। गाड़ी में वर्षा और उसका चार साल का बेटा पीछे बैठे हुए थे। बेसटेक सोसायटी के पास एक ट्रॉले ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में वर्षा और वह खुद घायल हो गए। हादसे में बच्चा बाल-बाल बच गया। ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया।










## खबर संक्षेप



### प्रभात फेरी के दौरान खेली फूलों की होली

**नारनौल।** प्रभात फेरी संगठन की ओर से रविवार को फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान रामलाल कमानिया वाले परिवार थे। सर्वप्रथम ठाकुर जी की पूजा-अर्चना करवाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। प्रभात फेरी संगठन के संयोजक घनश्याम गर्ग के नेतृत्व में आयोजित की गई। होली के अवसर पर प्रभात फेरी संगठन के अनिल लखखा ने आज ब्रज में होली रे रसिया, रंग मत डाले रे सावरिया म्हारो गुजर मारे रे, होली खेल रहे नंदलाल ब्रज की गलियों में आदि होली के भजनों के माध्यम से गुलाल व फूलों से होली मनाई।

### पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

**नारनौल।** मदर प्राइड स्कूल में शिक्षा सत्र 2023-24 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूर्णप्रभा थी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मोबाइल न देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी माता-पिता से अपने बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का आग्रह किया।

### तिलक होली खेलने का दिया संदेश

**महेंद्रगढ़।** प्रयास श्रीबालाजी संस्था द्वारा संचालित पाठशाला महाराणा प्रताप चौक में बच्चों की रंग भरो प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें कैलम पहले, आरती दूसरे व उर्मिला तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान श्री कृष्णा स्कूल के पीआरओ सुधीर कुमार ने बच्चों को पाठ्य सामग्री व फल बिस्किट आदि देकर बच्चों के साथ होली मनाई व प्रतीक स्वरूप माथे पर तिलक लगाकर तिलक होली खेलने व जल बचाने का संदेश दिया।

### ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली त्योहार

**कनीना।** क्षेत्र में होली पूजन का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। महिलाओं ने नए परिधान पहनकर होली की पूजा अर्चना की। एकता का का संदेश देने वाला यह त्योहार प्रेम, उत्सव, भाईचारा के साथ मनाया जाता है। इसमें ग्रामीण भेदभाव भुलाकर आपस में गले मिलते हैं।

## विजेता खिलाड़ी विकास, आदेश सिवाच, नितेश और हितेश को किया सम्मानित

# मिताथल के चार खिलाड़ियों ने कबड्डी में जीता कांस्य पदक

■ अनुशासित रहने के साथ आपसी समरसता बनाए रखने की सीख देता है कबड्डी खेलः अशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। खिलाड़ियों को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में 20 से 22 मार्च को करवाई गई ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी विकास, आदेश सिवाच, नितेश व हितेश के सम्मान में रविवार को गांव मिताथल में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि अर्जुन एवं द्रोणाचार्य अवॉर्डी अशन कुमार सांगवान ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि नरेश सिवाच, चतर सिंह पहलवान, विकास लेफ्टिडेंट, एसडीओ नरेंद्र कुमार, पूर्व सरपंच जयवीर सिंह, मास्टर नीरकुमार, पूर्व पंच उमेद, जगदीश सिवाच, राजेंद्र शास्त्री, महावीर पोलू, सुखबीर गोताखोर, पूर्व सरपंच रामकिशन पहुंचे। समारोह की अध्यक्षता भिवानी कबड्डी कोच संजय कुमार ने की। कोच संजय कुमार के मार्गदर्शन में ही भिवानी सीबीएलयू की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। समारोह में मंच का संचालन मास्टर सुभाष व प्रधान अशोक सिवाच ने किया। मुख्यातिथि अर्जुन एवं द्रोणाचार्य अवॉर्डी अशन कुमार सांगवान ने कहा कि कबड्डी हमें अनुशासित रहने के साथ आपसी समरसता बनाए रखने की सीख देता है। कबड्डी हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है, क्योंकि हमें अपने शारीरिक अंगों में स्फूर्ति बनाए रखने के साथ ध्यान को एकाग्र रखने की आवश्यकता होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराईयों का त्याग कर खेलों की तरफ रूझान करें, ताकि समाज व राष्ट्र की तरक्की को पंख लग सकें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रमेश कमांडो, रमेश धनाना, रमेश फौजी महम, मास्टर राजपाल, भल्लेराम, सोनू सिवाच, प्रेमसिंह, सुबे दूधिया, रामचंद्र धर्मवीर सिंह दहिया, पूर्व पंच दलीप, सतपाल, गोशाला कमेटी से आनंद, अनिल सिवाच, शमशेर जांगड़ा, रामचंद्र फौजी आदि मौजूद रहे।

# पानी रहित चंदन और फूलों से होली खेलने की अपील



रेवाड़ी। होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन झज्जर रोड़ स्थित निजी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में चंदन का तिलक लगाकर व फूलों से होली खेली गई। सभी ने हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने शिरकत की। क्लब के प्रधान मनोज यादव और फर्स्ट लेडी ऑफ द क्लब पायल यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सचिव चैतन्य रूपेला, मेघा रूपेला, अंजू रुपेला, नवीन अरोड़ा, मीनाक्षी अरोड़ा, किशन आहूजा, ऋतु आहूजा, याद के सुगंध, संजय डाटा, बरखा डाटा, विपिन ढींगरा, प्रीति ढींगरा, प्रदीप नरूला, दीपक गुप्ता, उमेश कटारिया, नवीन पोपली व पुरु कटारिया सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने क्लब की ओर से किए जा रहे समाज कल्याण के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी से पानी रहित चंदन और फूलों से होली खेलने की अपील की।

# राधाकृष्ण संगठन ने निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

होली के पावन पर्व पर राधाकृष्ण संगठन की ओर से रविवार को 62वीं प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका शुभारंभ ठाकुर जी की आरती कर किया।

यह प्रभात फेरी रामसिंह सैनी प्रधान चौक से प्रारंभ होकर मोहल्ला पुरानी सराय में परिक्रमा कर वापस वहीं पहुंची।

प्रभात फेरी के मुख्य यजमान राधेश्याम सैनी, भगत सिंह सैनी ने सैकड़ों लोगों के साथ राधा नाम का नाम जाप किया। प्रभात फेरी में सबसे आगे चल रहे छोटे-छोटे बच्चे हाथों में डफली-ढोलक लेकर झूमते-नाचते राधे-राधे का गुंजायमान आलाप करते हुए ऐसे लग रहे थे जैसे स्वर्ग से देवता भी आज बाल्य रूप में इस प्रभात फेरी में शामिल होने के लिए आए है। बच्चे राधाकृष्ण की पोशाक पहनकर बहुत सुंदर लग रहे थे। प्रभात फेरी में होली के उत्सव पर मशीन के माध्यम से फूलों की बरसात की गई व रंग-गुलाल की होली खेली गई। अंत में सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।



नारनौल। प्रभात फेरी के दौरान होली खेलते लोग। फोटो : हरिभूमि

# राधा-कृष्ण का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुति दी

■ देवयानी स्कूल में धूमधाम से मनाया होली का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के बच्चों ने होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। प्रथम कक्षा से हिमांशी और भारवी ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर होली आई, होली आई गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। दूसरी कक्षा से रेहान, आयुष यादव, प्रतिक राव, वर्तिक यादव ने होली त्योहार पर कविता प्रस्तुत की। पांचवी कक्षा से दिव्या चौधरी और हिमांशी ने 'काला काला कहे गुजरी' गीत पर सुंदर नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। छठी कक्षा से जानवी, दिव्य, जागृति राव, नव्या यादव, तमन्ना राव और दिव्या यादव ने ग्रुप डांस कर सबको मंत्र मुग्ध किया। बच्चों ने तिलक होली खेल भाईचारे का परिचय दिया। प्रोग्राम की रूपरेखा निभाने में अहम भूमिका किड्स विंग हैड सन्नी लत्ता ने निभाई।

सांस्कृतिक प्रोग्राम के लिए बच्चों को तैयार करने में ममता शर्मा का योगदान सराहनीय रहा। प्राचार्य बलवान सिंह ने बच्चों को होली त्यौहार पर शुभकामना दी। अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि होली रंगों और खुशियों का त्यौहार है, हमें इस त्यौहार को सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। रंगों में मिलाई जाने वाले कैमिकल हमारे त्वचा को खराब करते हैं और एलर्जी जैसी बीमारियों को जन्म देते हैं। इसलिए इस त्यौहार पर हमें प्राकृतिक रंग से तिलक होली खेलना चाहिए और पानी की बर्बादी को रोकना चाहिए। त्यौहार के अवसर पर जिन प्राकृतिक संसाधनों का हम दोहन करते हैं, बाद में हमें ही उनका भुगतान करना पड़ता है।

# होली के दिन गांव गादड़वास-डालनवास में नहीं उड़ता गुलाल

■ श्रद्धालु दादी सती के मंदिर में पूजा कर मांगते हैं मन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी



सतनाली मंडी। गादड़वास में सजाया गया दादी सती का मंदिर। फोटो : हरिभूमि

एक ओर जहां रंगों का त्योहार होली अबीर-गुलाल की बौछार के बीच मनाया जाता है। वहीं सतनाली खण्ड के गांव गादड़वास-डालनवास में इस दिन गुलाल नहीं उड़ता। धुलेंडी के दिन यहां लोग रंग से होली नहीं खेलते अपितु इस दिन गांव में विशाल मेला लगता है। जिसमें श्रद्धालु दादी सती के मंदिर में पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगते हैं। मान्यता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व धुलेंडी के दिन ही गांव में एक युवती अपने होने वाले पति की चिता में सती हो गई थी। बुजुर्गों ने बताया कि वर्षों पूर्व डालुराम, जिनके नाम से गांव का नाम डालनवास पड़ा, के तीसरे नंबर के लड़के माड़ाराम का रिश्ता राजस्थान के दोबड़ा की युवती के साथ तय हुआ था। होली के दिनों में खेलते समय गंभीर चोट लगने से माड़ाराम की मौत हो गई। कहते है कि जिस युवती पारा से माड़ाराम का रिश्ता तय हुआ था, उसे अनहोनी का आभास हुआ, तो उसने इस बारे में अपने परिजनों को बताया और अपने होने वाले पति से मिलने की इच्छा जताई तो परिजनों ने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया और उसे शादी से पूर्व मिलने की अनुमति नहीं दी। जब वह होने वाले पति से मिलने की जिद पर अड़ी रही, तो उसे कमरे में बंद कर दिया। कहते हैं कि कुछ समय बाद कमरे का दरवाजा खुल गया और युवती घर से अपने पति से मिलने के लिए निकल पड़ी तो परिजनों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वे असफल रहे। युवती जब गांव डालनवास में पहुंची तो वहां माड़ाराम के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही थी। यह देखकर युवती बेहोश हो गई और जब उसे होश आया तब माड़ाराम की चिता को अग्नि दी जा रही थी। उसी समय युवती अपने होने वाले पति की जलती चिता में कूदकर सती हो गई। गांव में उस स्थान पर दादी सती का मंदिर बनवाया गया। जहां हर वर्ष धुलेंडी के दिन डालनवास, गादड़वास, माधोगढ़ एवं बारड़ा गांवों की ओर से बारी-बारी विशाल मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है।

### ये है मान्यता

मान्यता है कि जो लोग सच्ची आस्था से सती दादी की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते है उन्हें चर्म रोग नहीं होते और जिन्हें चर्म रोग होते है वो ठीक हो जाते हैं। कमेटी प्रधान धर्मपाल लांबा ने बताया कि मेले में विशाल ईनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अनेक प्रसिद्ध पहलवान दम आजमाएंगे।



### बच्चों व महिलाओं ने देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद की ओर से श्री राम पैलेस झज्जर रोड पर होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक भारत विकास परिषद हरियाणा दक्षिण प्रांत अनिल बंसल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत बुजुर्ग की ओर से मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। शाखा सचिव दिनेश सैनी ने वर्ष भर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष राम किशोर सैनी ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बच्चों व महिलाओं ने देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भाविप के क्षेत्रीय सचिव डॉ राम बाबू यादव, जिला समन्वयक मुकेश सैनी और जिला सह समन्वयक कृष्ण जांगिड़ उपस्थित थे। शाखा अध्यक्ष रमेश व जिला समन्वयक मुकेश सैनी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक अनिल बंसल ने सभी सदस्यों की सहमति से सत्र 2024-25 के लिए दिनेश सैनी को अध्यक्ष, हुकम चन्द प्रजापत को सचिव व राम किशोर सैनी को कोषाध्यक्ष का दायित्व ग्रहण कराया।



### शहीदों की शहादत ने देश में क्रांति की लौ को रोशन किया : संजय शर्मा

नारनौल। देशभक्तों के खून की वो धारा याद कर ले..इन भावों के साथ प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से शनिवार देर सायं भारत माता के महान सपूत भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहीदी दिवस मनाया गया। ट्रस्टी नरोतम सोनी ने बताया कि शहीद दिवस पर मोहल्ला मोतीनगर स्थित शीतला मंदिर में विचार गोष्ठी व वैदिक हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। शहीद दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में विचार रखते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि शहीदों की शहादत ने देश में क्रांति का काम किया। शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अंग्रेजों के शासन का विरोध किया।

# जजपा लोकसभा प्रभारी बोले, राव बहादुर सिंह का साथ दें तो टिकट के लिए ठोककर रखूं पक्ष

■ होली कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जजपा के कार्यक्रम में मंचासीन प्रभारी राजदीप फौगाट, राव बहादुर सिंह एवं पार्टी नेतागण।

जननायक जनता पार्टी का भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से प्रभारी एवं दादरी के पूर्व विधायक राजदीप फौगाट को नियुक्त किया है। वह रविवार को महेंद्रगढ़ जिला के पार्टी कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के लिए नारनौल आए। जजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता होली कार्यक्रम रखा गया था। यहां जजपा लोकसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से पूछा कि अगर राव बहादुरसिंह का साथ दें तो वह टिकट के लिए आलाकमान के सामने ठोक कर पैरवी करने को तैयार हैं। इस पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकसुर में राव बहादुरसिंह को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार बनाने की मांग की। फौगाट ने कहा कि जजपा पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान देती है।



### ताजीपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**नारनौल।** गांव ताजीपुर में जन चेतना सामाजिक समिति ने होली मिलन समारोह के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप सिंह भरगड एडवोकेट पहुंचे और विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपसिंह गुर्जर पहुंचे, जिनका ग्रामीण एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा कुलदीप भरगड़ एडवोकेट को पगड़ी व फूल माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।



### विद्यार्थियों ने होली मिलन समारोह मनाया

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बाहेड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल व अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने की। एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा व मिलन का त्यौहार है। हमें पानी रहित व केमिकल युक्त रंगों से बचाना चाहिए, क्योंकि पानी की एक-एक बूंद की कीमत है। प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने होली व धूलंडी के बारे में विस्तापूर्वक से बताया। उन्होंने बताया कि हिरण्य कश्यप एक अधर्मी व अत्याचारी राजा थे। वे केवल अपने आप को ही भगवन मानते थे। परंतु उनका बेटा प्रहलाद भक्त इस बात को स्वीकार नहीं करता था। इस कहानी के माध्यम से पूरे विस्तार से बताया।

# शिक्षा में संस्कारों का समावेश करके पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को मिल पाएगी कामयाबीः यादव

■ समारोह में मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। समारोह में मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते चेयरमैन दयाराम यादव व समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी में प्राचार्या वंदना यादव की अध्यक्षता में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने शिक्षा में संस्कारों का समावेश करने का आह्वान किया। जिससे विद्यार्थियों को सामाजिक एकता बढ़ाने व अपराधिक मामलों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किताबी पढ़ाई से बच्चों को बेहतर नौकरी मिल जाएगी, जिससे परिवार का जीवन स्तर को सुधारा जा सकता है, लेकिन परिवार को एकजुट तथा सभ्य समाज का निर्माण नहीं कर पाएंगे। इसके लिए शिक्षा में संस्कारों का समावेश करना अनिवार्य हो गया है, क्योंकि संस्कारित युवाओं की सोच सबको साथ लेकर चलने की होती है। संस्कारित युवा समाज को अपराध मुक्त बनाने में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नौकरी पाने नहीं नौकरी देने का हूनर पैदा करने का संदेश दिया। देश में शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी बहुत तेजी से बढ़ रही है, जोकि आजीविका चलाने के लिए अवैध कारोबार को प्राथमिकता देने में संकोच नहीं करते। समाधान के लिए युवा वर्ग को रोजगार पाने की रोजगार देने की शिक्षा पर फोकस करना चाहिए।



### होली पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में मचाया धमाल

महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय शिक्षकों ने नाच-गाकर तथा तिलक होली खेली तथा पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव मुख्यातिथि रही जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। सीईओ इंजी. मनीष राव ने भी सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को पक्के रंगों की बजाय अबीर-गुलाल से तिलक होली खेलने के लिए प्रेरित किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि जिस प्रकार से होली पर्व को वसंत ऋतु का संदेशवाहक माना जाता है। इस दिन सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि त्योहार जीवन में नई उमंग और उल्लास लेकर आते हैं। होली का त्योहार तो खासतौर पर इसी के लिए जाना जाता है, जब रंगों के साथ मन का गुबार भी हवा में उड़ा जाता है। काम और दूसरी व्यक्तियों के चलते बोझिल हो चुके मन को इससे शांति और ऊर्जा मिलती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने जमाया रंग कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अनेक सुंदर प्रस्तुतियां दी। शिक्षकों द्वारा भारतीय पर्वों के महत्व को दशार्ते दी गई शानदार प्रस्तुतियों को सभी ने सराहा। महिला शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत एकल व सामूहिक नृत्य पर खूब तालियां बजी। इस मौके पर अबीर गुलाल से तिलक होली खेलते हुए सभी ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### यदुवंशी डिग्री कॉलेज की छात्रा शिवानी ने आईआईटी जैम में प्राप्त की 83वीं रैंक

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज की छात्रा शिवानी ने आईआईटी जैम की परीक्षा फिजिक्स विषय में उत्तीर्ण की और पूरे भारत में 83वीं रैंक प्राप्त की है। पिछले वर्ष भी शिवानी ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसमें उसने 168वीं रैंक प्राप्त की थी। इस बार शिवानी ने कड़ी मेहनत करके ऑल इंडिया में 83वीं रैंक प्राप्त की। शिवानी ने सफलता का श्रेय अपने अभिभावक और यदुवंशी कॉलेज को दिया है। यदुवंशी ग्रुप अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने छात्रा शिवानी को बधाई दी और उन्होंने छात्रा के अभिभावकों को सम्मानित किया।

### 61 साल से महामूर्ख सम्मेलन से शहरवासियों का हो रहा भरपूर मनोरंजन, ठहाकों से गूंज उठता है शहर

**महेंद्रगढ़।** शहर के रामलीला परिषद् में दुल्हंडी पर्व पर आयोजित होने वाले महामूर्ख सम्मलेन को लेकर शहर के लोगों में हर बार भारी उत्साह रहता है। दुल्हंडी खेलने के बाद दोपहर के समय रामलीला परिसर में एकत्रित होना शुरू हो जाते है। इस बार मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच की ओर से आठवां महामूर्ख सम्मेनन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान एक कवि सम्मलेन का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के बड़े-बड़े कवि व साहित्यकार शहर के लोगों को मनोरंजन करने के लिए आते है। देर शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम को लेकर शहर के लोगों में भारी उत्साहा रहता है। इस दौरान मंच के मुखिया को महामूर्ख अधिराज बनाकर शहर में भ्रमण करवाया जाता है। इसके पश्चात महामूर्ख अधिराज को कवि सम्मेलन के मंच पर विराजमान किया जाता है। इस बार सुधीर दीवान को महामुर्खा अधिराज बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से अवैध शराब बरामद

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान गरीब नवाज एक्सप्रेस से अवैध शराब बरामद की है। जीआरपी के अनुसार ट्रेनों में चेकिंग के दौरान गरीब नवाज अजमेर एक्सप्रेस में स्टेशन पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान जनरल कोच के शौचालय के पास प्लास्टिक का कट्टा नजर आया। पूछताछ करने पर उसका कोई वारिश सामने नहीं आया। जांच करने पर उसमें 2 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। जीआरपी ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करने जांच शुरू कर दी।

### रेलवे स्टेशन परिसर से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** स्टेशन पर अपने बच्चों को ट्रेन में बैठाने के लिए आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में परशुराम कॉलोनी निवासी हरेंद्र ने बताया कि वह स्टेशन पर बाइक से अपने बच्चों को लेकर आया था। स्टेशन के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद वह बच्चों की टिकट लेने के लिए अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### किसान के नलकूप से नोजल व केबल चोरी

**धारूहेड़ा।** अलावलपुर गांव से चोर एक किसान के नलकूप से बिजली की केबल व नोजल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राकेश यादव ने बताया कि उसे नलकूप पर काफी सामान रखा हुआ है। सुबह के समय जब वह नलकूप पर गया तो बिजली की करीब 50 फुट केबल व फव्वारा सेट के 19 नोजल गायब मिले। आसपास पूछताछ करने के बावजूद चोरों के बारे में कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**कुंड।** बस स्टैंड के पास बाइक से जैतपुर धाम जा रहे तीन युवक कार की टक्कर से घायल हो गए। पुलिस बयान में रेवाड़ी के नई आबादी निवासी रमेश ने बताया कि वह अपने मोहल्ले के नवीन और दौलत के साथ बाइक पर खाटूश्यामजी धाम जैतपुर जा रहे थे। कुंड के पास एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह तीनों घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### बाइकों में हुई भिड़ंत में एक का चालक घायल

**कोसली।** बस स्टैंड से कुछ दूरी एक बैंक के पास दो बाइकों में हुई भिड़ंत में एक का चालक घायल हो गया। कौशल रोजगार निगम के माध्यम से गुरूग्राम सिटी बस सर्विस में नौकरी कर रहे टूमना निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह बाइक से अपने गांव से कोसली आ रहा था तभी सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### महिला ने दर्ज करवाया चेन चोरी होने का केस

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 में शिव महापुराण सुनने के लिए आई एक और महिला ने गले से सोने की चेन चोरी होने का केस दर्ज कराया है। तुलाराम विहार निवासी कमलेश ने बताया कि वह गत शनिवार को शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आई थी। इस दौरान किसी ने उसकी 2 तोला सोने की चेन चुरा ली। उसने घर जाकर अपने पति को चोरी के बारे में बताया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### विकास नगर से पांच मिनट में बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** विकास नगर में एक मकान के बाहर खड़ी बाइक पांच मिनट में चोरी हो गई। पुलिस शिकयत में यूपी के चाक नागलिया जागीरपुर निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह राजू हलवाई की दुकान पर कार्य करता है। वह उसके घर से सामान लाने के लिए विकास नगर राजू के मकान पर गया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर सामान लेने के लिए चला गया। करीब 5 मिनट बाद मकान से बाहर आया तो बाइक गायब मिली।

अलवर, पटियाला व नाभा रियासतों के संयुक्त प्रयास से किया गया था निर्माण

# बाबा दयाल मंदिर में प्राचीन काल से परंपरा होली मेले में आज भी नजर आती लोक संस्कृति

- मंदिर को तीनों रियासतों से 10 हजार बीघा जमीन दी गई थी
- 17वीं पीढ़ी के महाराजा चंद्रभानु सिंह ने भी विकास में योगदान किया था।

**मनोज बुलाण ▶▶ रेवाड़ी**


रेवाड़ी। लाइटों से सजा बाबा दयाल मंदिर। फोटो : हरिभूमि

गांव हुड़िया-कुंड की सीमा पर बना बाबा दयाल मंदिर तेरहवीं शताब्दी की धरोहर है। अलवर, पटियाला व नाभा रियासतों के संयुक्त प्रयास से इसका निर्माण किया गया था। मंदिर को तीनों रियासतों से 10 हजार बीघा जमीन दी गई थी। चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 17वीं पीढ़ी के महाराजा चंद्रभानु सिंह ने भी इसके विकास में काफी योगदान किया था। मंदिर के अधीन 52 गद्दी हैं, जिनमें कुंड व अटेली क्षेत्र में 12 व अन्य बाहरी क्षेत्र शामिल हैं। रामानंद दास महाराज से लेकर वर्तमान में महामंडलेश्वर रामेश्वरदास तक 18 महंतों का इतिहास समेटे यह मंदिर रामानंदी वैरागी संप्रदाय का प्रमुख केंद्र है।

### 700 वर्ष पूर्व शुरू हुआ मेले का आयोजन

बाबा के भक्त मदनलाल पंच, अरविंद यादव, कैप्टन अमर सिंह, ताराचंद प्रधान, डा. अजीत कुमार, सहीराम व पूर्व सरपंच ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मंदिर में सीताराम जी की पूजा होती है। धुलेंडी पर यहां विशाल मेला लगता है, जोकि करीब 700 वर्ष पूर्व बाबा बिशनदास ने शुरू किया गया था। धुलेंडी पर प्रातःकाल से ही दूर-दराज से श्रद्धालुओं का पहुंचने का क्रम शुरू हो जाता है। कोई पैदल बाबा की पताका लेकर आता है तो कोई ऊंटगाड़ी लेकर आता है। आसपास के लोग नाचते गाते, ढोलक व ढप बजाते हुए पहुंचते हैं। एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं। यहां की संस्कृति के लोकगीत गाते हैं व स्वांग रचाते हैं। श्रद्धालु बाबा की चरण पादुका की पूजा-अर्चना करते हैं और अपने मन की मन्नत मांगते हैं। अपने बच्चों के मुंडन व जनेऊ संस्कार भी यही कराते हैं। नव विवाहित जोड़े भी बाबा के धोक लगाते हैं। लोक संस्कृति के गीत गाते हुए ठाकुर जी की शोभा यात्रा निकालते है। खीचड़ा व दही के भंडारे का आयोजन होता है। भक्तों के अनुसार जो भी व्यक्ति आस्था व श्रद्धा से स्थल पर आता है, बाबा उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं।



### मंदिर प्राचीन संस्कृति की अनमोल धरोहर

मंहत रामेश्वरदास ने कहा कि मंदिर हमारी प्राचीन संस्कृति की अनमोल धरोहर हैं। भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति है। धर्म के ज्ञान के बिना सांसारिक जीवन अव्यवस्थित और अराजक होता है। धर्म का सानिध्य, प्रगति का विरोधी नहीं है। धर्म और प्रगति के बीच संघर्ष की नहीं, सामंजस्य की आवश्यकता है। पूंजीवाद के मोह के कारण युवा पीढ़ी हमारे नैतिक मूल्यों से दूर हो रही है, इसी कारण समाज में अपराध बढ़ रहे हैं। मंदिर में प्राचीन काल से ही धूमधामसे फाग उत्सव मनाया जाता है। श्रद्धालु नाचते गात मंदिर में आकर एक दूसरे को गुलाल लगाते हैं।

### महिला पुलिसकर्मी से मारपीट का आरोप, पति व सास के खिलाफ केस दर्ज

**जाटूसाना।** दिल्ली पुलिस में कार्यरत एक महिला पुलिसकर्मी के बयान पर जाटूसाना पुलिस ने उसके पति व सास के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में फतेहपुरी निवासी सरिता देवी ने बताया कि उसकी शादी जून 2020 में आनंद कुमार के साथ हुई थी। वह दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। उसका पति कभी उसके साथ दिल्ली रहता है, तो कभी अपनी मां प्रेमलता के साथ गांव में रहता है। तबियत खराब होने के कारण वह मेडिकल लीव पर अपने गांव आई हुई है। उसने आरोप लगाया कि पारिवारिक बातों को लेकर उसका पति और सास के साथ विवाद हो गया। विवाद के चलते उसके पति और सास ने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसे काफी चोटें आई हैं। इसके बाद वह मेडिकल कराकर अपने मायके चली गई। पुलिस ने सरिता के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## नशे का सेवन हमारी सनातन संस्कृति के विरुद्धः अरुण

- बहुत से लोग व्रत उपवास कर प्रभु भक्ति का लेते हैं आनंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**


रेवाड़ी। कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करते संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में होली की मस्ती का कार्यक्रम 'श्याम संग खेलेंगे होली' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएलजी कमेटी के जिला प्रधान एडवोकेट सुनील भार्गव, नव प्रेरणा के प्रधान हरीश मलिक, शिक्षाविद प्रोफेसर सीएल सोनी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भक्त प्रहलाद बालपन से ही भगवान के चरणों में अविरल भक्ति रखते थे, उनके पिता हिरण्यकशिपु स्वयं को भगवान मानते थे। हिरण्यकशिपु ने भक्त प्रहलाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका की गोद में बिठाकर अग्नि में बिठा दिया। होलिका को वरदान था कि अग्नि उसको अभी नुकसान नहीं पहुंचाएगी। लेकिन भगवान अपने भक्तों की रक्षा स्वयं करते हैं। भक्त प्रहलाद के लिए अग्नि शीतल हो गई और होलिका जलकर राख हो गई। स्कूल निदेशक विपिन यादव, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता ने कहा कि कुछ लोग होली के अवसर पर शराब व अन्य तरह के नशे का सेवन करते हैं, जो हमारी सनातन संस्कृति के विरुद्ध है। होली धर्म की आस्था का त्यौहार है, इस दिन बहुत से लोग व्रत उपवास कर प्रभु भक्ति का आनंद लेते हैं। महिला प्रधान निशा सिकरी, समाजसेविका रानी गुप्ता व शिक्षाविद साधना यादव ने कहा कि जल अनमोल है। धरती पर पानी के अनेकों स्रोत कम होते जा रहे हैं। होली पर केवल चंदन का तिलक लगाकर व पुष्पों के साथी खेलें। केमिकल रंगों का इस्तेमाल न करें, जिससे हम बहुत सा कीमती पानी बचा सकते हैं। भजन गायिका कमल मखीजा ने होली का भजन सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षाविद ओमप्रकाश चुघ, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व शिक्षाविद साधना यादव को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षाविद देवेंद्र कुमार, किशोरी नंदवानी, सुनीता नंदवानी, राहुल, कपिल कपूर, ओजस्वी, पूर्वांशी, प्रीति, सोनिया कपूर, रोहित गेरा, सुदर्शन मेहंदीरत्ता, सतपाल शास्त्री व सुनीता आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## होली मिलन से दिया पानी बचाने का संदेश

### पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आयोजित

- व्यापारियों ने चंदन का तिलक लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा पानी बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान विनोद अरोड़ा ने कहा कि होली का त्योहार आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक दूसरे को गले लगाकर तथा प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। इस अवसर पर गोकल बाजार व मोती चौक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के उप प्रधान लव खरबंदा, महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष दिनेश सचदेवा, सह सचिव रवि कुकरेजा, रमन मनोचा, मनीष कुमार, आनंद अरनेजा, जवाहर नागपाल, पंकज वर्मा, तिलक राज भाटिया, राजीव आहूजा, लोकेश मेहंदीरता व प्रदीप कालड़ा सहित सभी दुकानदार उपस्थित थे।

## सद्भावना से मनाया होलीपर्व, महिलाओं ने पूजन करने के बाद ली सेल्फी



रेवाड़ी। रामपुरा में एक जगह होली का पूजन करती महिलाएं तथा रामपुरा में सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेती महिलाएं।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

होली के त्योहार पर शहर में जगह-जगह होलिका पूजन व दहन का आयोजन किया गया। पूजा स्थल पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल व चंदन का तिलक लगाकर सनातन धर्म के इस पवित्र त्योहार को मनाया। होली मिलन कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों की ओर से पानी बचाने का संदेश भी दिया गया। आज भी होली के पर्व पर भारतीय संस्कृति की परंपराएं जीवित हैं। महिलाओं ने होली का पूजन कर अपने बच्चों और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। गांव रामपुरा में आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए सभी महिलाओं ने एक जगह ही होलिका का पूजन किया। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा स्थल पर सरपंच की ओर से एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जिस पर महिलाओं ने गुरप में सेल्फी ली। गांव रामपुरा के सरपंच नरेश यादव उर्फ नरू ने कहा कि होली का त्यौहार हंसी-खुशी का त्यौहार है। इस दिन सारे गिले-शिकवे भुलाकर हमें एक दूसरे से प्रेमभाव से होली खेलनी चाहिए। उन्होंने इस मौके पर सभी को पानी बचाने का भी संदेश दिया। इस मौके पर कुसुम, धीरज, मीनू, सुनीता कौशल्या, रेणु, मीना, रश्मि, सुशीला पंच, सुनीला पंच, पिंकी पंच, रेखा पंच, राजन पंच, सोनू, दीपचंद, परवीन, राजेश नवल नंबरदार, प्रभू नंबरदार व नरेश गिरदावर मौजूद थे।

## कंवाली स्कूल में इको मित्र स्मार्ट टॉयलेट का निर्माण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाटूसाना**



रेवाड़ी। इको मित्र स्मार्ट वॉशरूम दिखाते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में इंडियन ऑयल के तत्वावधान में सुकृति सोशल फाउंडेशन की ओर से एक इको फ्रेंडली हाईटेक स्मार्ट वॉशरूम का निर्माण किया जा रहा है। सुकृति सोशल फाउंडेशन के इंजीनियर संजय यादव ने रविवार को प्राचार्य अनिल यादव व स्टाफ सदस्यों को टॉयलेट की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह टॉयलेट सेंसर बेस्ड पर आधारित है, सभी यूरिन पोर्ट व टॉयलेट सीट ऑटोमेटिक तरीके से कार्य करेंगे। बच्चा यदि गलती से यूरिन पोर्ट या टॉयलेट सीट में पानी डालना भूल भी जाता है तो इसके सेंसर उन सीट और पोर्ट को स्वतः ही साफ कर देंगे। स्मार्ट वॉशरूम में लगाए गए हाईटेक सेंसर इसके फ्लोर की क्लीनिंग भी अपने आप ही करेंगे। स्मार्ट वॉशरूम सोलर एनर्जी पर कार्य करेगा व बिजली की खपत भी शून्य होगी और वॉटर रीसाइकलिंग का प्रयोग करके पानी की बचत भी करेगा तथा जो वेस्ट है उसका बैक्टीरिया युक्त कंपोस्ट खाद भी तैयार करेगा, जिसको साफ करके पौधों में खाद का प्रयोग किया जा सकता है। आधुनिक स्मार्ट वॉशरूम के निर्माण के लिए स्कूल प्राचार्य अनिल यादव ने इंजीनियर संजय यादव व प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर अशोक कुमार का धन्यवाद ज्ञापित किया और इसके निर्माण में स्कूल प्रशासन की ओर से सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य ने बताया कि कुछ ही दिनों में इको मित्र स्मार्ट वॉशरूम छात्र-छात्राओं को समर्पित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक विजय सिंह, राम सिंह यादव, भगवान यादव व विजय कुमार सहित फाउंडेशन की टीम मौजूद थी।

### निःशुल्क कैंप में 80 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 80 लोगों को निशुल्क ओपीडी सेवाएं देकर सभी को फ्री दवाईयां प्रदान की गई।

### ढाबा संचालक से मारपीट करने का आरोप, एक परिवार के कई लोगों पर केस दर्ज

**कसोला।** थाना कसोला पुलिस ने एक ढाबा संचालक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक परिवार के महिला सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में रायपुर निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसने बणीपुर चौक पर जय बाबा बणदेव के नाम से ढाबा किया हुआ है। सुबह के समय वह अपने ढाबे पर गया। ढाबा खोलने के बाद केशव, प्रवीन, राजेश की पत्नी और साला वहां पहुंच गए। इन लोगों ने उससे कहा कि उसने टोटका किया है। उसने मना किया तो इन लोगों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। वह भागकर पड़ोस के एक मकान में घुस गया। इन लोगों ने उसे ढाबा बंद नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने के बाद उसका भाई मौके पर पहुंच गया। उसके भाई ने उसे रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

आईजीयू में एंटरप्रेन्योरशिप फॉर ए ग्रीन प्लेनेट पर कार्यशाला

## विद्यार्थियों को नए उद्योग शुरू करने के लिए किया प्रोत्साहित

- प्रो. सुनीता ने भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से प्रोत्साहित कई बड़े प्रोजेक्ट भी किए हैं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**


रेवाड़ी। कार्यशाला में उपस्थित वक्ता, प्रोफेसर व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अंग्रेजी विभाग की ओर से 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर ए ग्रीन प्लेनेट' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता तंवर ने व्याख्यान दिया। प्रो. सुनीता का उद्यमिता क्षेत्र में विशेष अध्ययन है। उन्होंने उद्यमशीलता से संबंधित अनेक विदेशी विश्वविद्यालयों से शिक्षण प्राप्त किया है। वह पिछले कई वर्षों से एंटरप्रेन्योरशिप सेल, इनोवेशन सेल व स्किल डेवलपमेंट सेल की मेंबर व कोऑर्डिनेटर भी है। उन्होंने भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से प्रोत्साहित कई बड़े प्रोजेक्ट भी किए हैं। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. मंजू परूथी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. निखिलेश यादव, डीन ह्यूमैनिटीज प्रो. सुभाष चंद्र शर्मा, प्रो. रोमिका बत्रा व डा. बिजेंद्र सिंह ने प्रो. सुनीता का स्वागत किया। मंच संचालन अंग्रेजी विभाग की शोधार्थी किरन ने किया। प्रो. सुनीता ने विद्यार्थियों को नए उद्योग शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उद्योगों के लिए नए-नए विचार विद्यार्थियों के समक्ष साझा किए।

### एप्स तथा टूल्स के उपयोग पर चर्चा

प्रो. सुनीता ने बताया कि एक ग्रीन प्लेनेट बनाने के लिए ऐसे नए उद्यम शुरू करने होंगे जिन से विभिन्न प्रकार के प्रदूषण कम से कम हो या न हो। ऐसे में स्मार्टफोन बहुत उपयोगी साबित हो सकता है तथा फोन, इंटरनेट व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अनेक ऐसे उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, जो किसी भी प्रकार के प्रदूषण से रहित होंगे। इसके लिए उन्होंने कई वेबसाइट, एप्स तथा टूल्स विद्यार्थियों को बताए व उनके उपयोग पर भी चर्चा की। दूसरे सत्र में प्रो. सुनीता ने विद्यार्थियों से उनके बिजनेस आइडिया पर चर्चा की। सभी फैकल्टी मेंबर्स ने भी कार्यशाला में भाग लिया। प्रो. निखिलेश यादव, प्रो. सुभाष चंद्र शर्मा, डा. बिजेंद्र व प्रो. रोमिका बत्रा ने अंग्रेजी विभाग की ओर से प्रो. सुनीता तंवर का धन्यवाद किया। अंग्रेजी विभाग के एमए के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के साथ-साथ योग विभाग, हिंदी विभाग, राजनीतिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया।


रेवाड़ी। बच्चों के साथ होली पर्व मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भाजयुमो ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया होली पर्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

भाजपा युवा मोर्चा की ओर से होली पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटी इंचार्ज एडवोकेट मनीष शर्मा के नेतृत्व में जरूरतमंद बच्चों के साथ पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजयुमो के जिलाध्यक्ष निखिल मांढैया थे। इस अवसर पर निखिल मांढैया ने कहा कि हमारा संगठन समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ खड़ा है। हमारा उद्देश्य सामाजिक संगठन और सहयोग को बढ़ावा देना है। हम आगामी दिनों में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे, जो समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच एकता और समर्थन को बढ़ावा देंगे। उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर होली के रंगों का उत्सव मनाया। इस मौके पर यशवीर सरपंच नैचाना, योगेन्द्र बेरली मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, सौरभ सैनी मीडिया इंचार्ज, सोनू यादव व सुमित यादव मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने गत दिसंबर माह में एक मकान से दो मोबाइल फोन चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 23 दिसंबर की रात आस्था कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले रामगढ़ खेड़ी निवासी धनीराम के घर से दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। इस मामले में पुलिस ने नूंह के नांगल मुबारिकपुर निवासी जुम्मा व हंजनपुर निवासी शाहरूख को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

### नशीला पदार्थ मुहैया कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने नशीला पदाथ मुहैया कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 8 फरवरी को एक आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने नशीला पदार्थ विकास नगर निवासी अमन से लेने की बात स्वीकार की थी। पुलिस ने आरोपी रमन को भी गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने की आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** भाड़ावास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामपुरा थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर गत वर्ष 19 अगस्त को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला सरिता देवी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नकली शराब बनाने का एक और आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सीआईए ने नकली शराब बनाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 12 दिसंबर को मामले की भंडाफोड़ करते हुए कई लोगों को भारी मात्रा में नकली शराब के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में सीआईए ने चरखी दादरी के घसोला निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। उससे 32 हजार रुपये नकदी बरामद की गई है। बाद में आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने 22 मार्च को लाधुवास में मारपीट करने और जाान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने लाधुवास निवासी लाला को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस ने की तैयारी, सुबह से शाम तक सड़कों पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

# महिलाओं ने होलिका पूजन कर की सुख-समृद्धि की कामना, आज धूमधाम से मनेगा फाग उत्सव





**रेवाड़ी।** शहर में होलिका पूजन के लिए लगी महिलाओं की भीड़,अनाजमंडी में होलिका पूजन करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने दिन में होलिका पूजन करके बच्चों की दीर्घायु की कामना की। रात्रि को शुभ मुहुर्त पर होलिका दहन किया गया। प्रातः से ही होलिका पूजन के लिए महिलाओं का तांता लगना शुरू हो गया था। महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में होलिका पूजन करने के लिए पहुंची। महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चें भी पूजन के लिए आए। महिलाओं ने होलिका की विधिवत रुप से पूजा-अर्चना की और अपनी संतानों की दीर्घायु के लिए होलिका माता से कामना भी की। पूजन सामग्री में हरे चने व गेहूं की बालियां, कूकड़ी व बिड़कले चढाए गए। देर शाम शहर में सेक्टर एक,नई अनाजमंडी, कंपनी बाग, मॉडल टाउन, सेक्टर-3 व चार सहित सभी मोहल्लों व कॉलोनियों में होलिका दहन किया गया। महिलाओं ने होलिका का व्रत भी रखा और घरों में पकवान बनाए। बाजारों में भी होली पर्व की काफी धूम रही। बच्चों व युवाओं ने धुलेंडी पर्व के लिए रंग-गुलाल व पिचकारियों की खूब खरीदारी की।

### इको फ्रेंडली तरीके से मनाए होली पर्व

सोमवार को धुलेंडी के पर्व मनाने को लेकर लोगों ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। शहर के साथ धारूहेड़ा, कोसली, बावल व जाटूसाना क्षेत्रों में भी ग्रामीणों ने फाग खेलने की तैयारियां की हुई हैं। धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी सामूहिक रुप से होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े स्तर पर कर रही हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने धुलेंडी पर्व पर जिलावासियों से पानी की बचत करने का संकल्प लेकर प्रेम और सौहार्द के साथ इको फ्रेंडली तरीके से पर्व मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार के केमिकल रंगों का इस्तेमाल न करें। अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर होली मनाएं।

### पुलिस की रहेगी हुड़दंगियों पर नजर

धुलेंडी के दिन ग्रामीण इलाकों की बजाए शहर में ज्यादा हुड़दंग होता है। पर्व पर सुरक्षा व शांति बनाने रखने के लिए पुलिस ने शहर के विभिन्न चौक व चौराहों पर पुलिस तैनात किए है। एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार पर लोगों को अपने सभी मनमुटाव दूर कर एक दूसरे के गले लगना चाहिए, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करते है, ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए पुलिस तैयार है।

### महिलाओं ने सुख शांति की दुआ मांगी

नाहड़। गांव नाहड़ में महिलाओं ने होली पर्व पर माता होलिका का पूजन कर आशीर्वाद लिया। वर्षों से चली आ रही परंपरा को सहेजते हुए नाहड़ बस स्टैंड के समीप घोर में बनी होली पर पहुंचकर महिलाओं ने बड़कले, गुड़ और बाल से होली पूजन किया तथा परिक्रमा देकर आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने होलिका माता की परिक्रमा कर परिवार की सुख शांति की दुआ मांगी। महिलाओं ने जौ की बाल के दाने खाकर तथा पानी पीकर व्रत खोला। महिला कलावती, कांता, चमेली, सावित्री, मीनाक्षी, शारदा, सुमित्रा, सुनीता, कुसुम, संतरा, कविता, मधु व नीलम ने कहा कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है।

### लोकगीत गाकर की परिक्रमा

**कोसली।** उपमंडल क्षेत्र के गांवों में होली का त्यौहार श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने होलिका पूजन कर परिवार के लिए मंगलकामनाएं की। कोसली के सावरियां सेवा मित्र मंडल की ओर से नठेड़ा रोड स्थित पार्क में होलिका दहन का आयोजन किया गया। सांवरिया सेवा मित्र मंडल के सदस्यों ने पार्क में महिलाओं व बच्चों के लिए सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था की तथा ढोल के साथ महिलाओं ने होलिका पूजन किया।

### धारूहेड़ा में किया होली दहन

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के सोहना रोड पर महिलाओं ने उपवास रखकर होली पूजन किया। महिलाओं ने होलिका माता का पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। देर शाम लोगों ने होलिका दहन किया और परिक्रमा की।

### महिलाओं ने होलिका पूजन कर भक्त प्रहलाद को किया याद



**रेवाड़ी।** कर्मचारी कॉलोनी में होलिका का पूजन करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** राजकीय कर्मचारी कॉलोनी में रविवार को महिलाओं ने विधि-विधान से होलिका पूजन किया। महिलाओं ने लोकगीत व होली के रसिया गाते हुए परंपरागत तरीके से होलिका का पूजन किया। महिलाओं ने होली की परिक्रमा की और होलिका व भक्त प्रहलाद को याद किया। मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने देवी देवताओं की प्रतिमाओं को भी रंग-गुलाल लगाया। महिलाओं ने व्रत रखा और हल्दी, गुड़, जौ की बाली और बिडकले से होलिका का पूजन किया। इस अवसर पर जन चेतना फाउंडेशन की प्रधान अनिता यादव, ममता यादव, सोनू यादव, माया, चंचल, कमलेश, सरोज, सरिता व मुकेश यादव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी। गांव पीथड़ावास में सरपंच अनीता शर्मा ने होलिका पूजन कर ग्राम वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। होली का त्यौहार आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है। सभी को यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर भरपाई देवी पूर्व पंच, माया देवी, पूनम देवी, नीलम देवी, पूजा बाई, सपना देवी, संयोगिता, वंशिका व भूमि उपस्थित रही।

### विहिप की धारूहेड़ा इकाई ने किया होली उत्सव का आयोजन



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**धारूहेड़ा।** विश्व हिंदू परिषद की धारूहेड़ा इकाई की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम धारूहेड़ा के सेक्टर-4 स्थित शिव मंदिर में नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव जोनियावास की अध्यक्षता संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजकुमार यादव की विशेष उपस्थिति रही। यादव ने संगठन के बारे में जानकारी सांझा की। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। नरेंद्र जोशी ने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नगर मंत्री दीपक यादव ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर चक्षु शर्मा, मंजू गुप्ता, राखी, निर्मला, डा. प्रवीण, दीपक कुमार, अनिल, रामसिंह, प्रमोद, हेमंत, योगेश, मुकेश कुमार, मुकेश भाटी, सचिन, परवीन, भूपेंद्र, विनोद, महेश शमा व भारत सहित विहिप के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राजगढ़ में बाबा कुंदनदास का मेला कल

**रेवाड़ी।** गांव राजगढ़ में बाबा कुंदनदास महाराज के जागरण, मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला प्रमुख मनोज यादव होंगे। मेला कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 25 मार्च को धुलेंडी के अवसर पर रात्रि 9 बजे बाबा का जागरण होगा तथा 26 मार्च को मेले का आयोजन होगा। इस अवसर पर कबड्डी, कुश्ती व एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। लड़कों की डू एंड डाई कबड्डी की विजेता को 11 हजार रुपये व उपविजेता को 7100 रुपये का नकद इनाम मिलेगा। मेले में 11 रुपये से 21000 रुपये तक की कुश्तियां कराई जाएगी। इसके अलावा 100, 400 व 800 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप व हाई जंप प्रतियोगिता होगी।

### कार चालक के साथ लिफ्ट लेकर मारपीट, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** माजरा के पास एक कार में लिफ्ट लेकर चल रहे तीन युवकों ने चालक सहित दो लोगों के साथ मारपीट कर दी। थाना खोल पुलिस ने चालक के बयान पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस बयान में माजरा निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसकी स्टोन कटिंग फैक्ट्री है। वह गाड़ी लेकर अपने दोस्त चंदपुरा निवासी यशवंत के साथ रेवाड़ी से घर जा रहा था। पाली के पास नांधा निवासी हिमांशु, विकास और लोकेश ने गांव तक लिफ्ट मांगी। उसने तीनों को गाड़ी में बैठा लिया। गांव के सरकारी स्कूल के पास उसने तीनों को गाड़ी से उतरने के लिए कहा तो विकास और हिमांशु ने गाड़ी से उतरने से मना कर दिया। इन लोगों ने शराब पी हुई थी। जब दोनों को गाड़ी से जबरन उतारने का प्रयास किया, तो इन्होंने उसे पत्थरों से मारना शुरू कर दिया। बचाव करते समय यशवंत को काफी चोटें आईं। वह भी पथराव में घायल हो गया। वह किसी तरह वहां से भागने में कामयाब हो गया। इसके बाद उसने यशवंत के साथ अस्पताल जाकर उपचार शुरू कराया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।




# बड़े धार्मिक आयोजन की सफलता में सभी का योगदानः सुनील मुसेपुर

■ आस्था के सैलाब में लाखों शिव भक्तों ने लगाई डुबकी, शिव के आशीर्वाद से शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा नेता सुनील मुसेपुर के सानिध्य में सेक्टर-18 में संपन्न हुई प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा में पांच दिनों तक उमड़ी लाखों शिव भक्तों की भीड़ के बावजूद आयोजन सफलतापूर्वक पूरा होने से आयोजक काफी उत्साहित हैं। सुनील मुसेपुर ने कहा कि आस्था के सैलाब में लाखों शिवभक्तों ने जिस तरह शांतिपूर्ण ढंग से श्रद्धा की डुबकी लगाई, उसमें शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने पूरा योगदान दिया।

सुनील मुसेपुर ने कहा कि यह आयोजन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया गया था, बल्कि भगवान शिव के आशीर्वाद से उन्हें यह आयोजन कराने का मौका मिला। इतने बड़े धार्मिक आयोजनों में अव्यवस्था फैलने की आशंका बनी रहती है, परंतु यह आयोजन आमजन के सहयोग से पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दूर-दराज से आए प्रदीप मिश्रा के फोलोवर्स ने भी कथा सुनने में काफी रूचि दिखाई। रेवाड़ी हलके के लोगों ने जिस तरह से आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया, उसके लिए वह लोगों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। लोगों के सहयोग के बिना ऐसे आयोजनों की सफलता संभव नहीं होती।



**रेवाड़ी।** शिव महापुराण कथा में उमड़ी भीड़। फाईल फोटो फोटो :हरिभूमि

### निरंतर चलेगा धार्मिक यात्रा का सफर



सुनील मुसेपुर।

सुनील मुसेपुर ने कहा कि भगवान का आशीर्वाद बना रहा, तो धार्मिक यात्रा का सफर निरंतर चलता रहेगा। उनकी ओर से शुरू की गई धार्मिक यात्रा से लोगों को तीर्थ स्थलों के दर्शन अनवरत रूप से कराए जाते रहेंगे। वह बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के भगवान के आशीर्वाद से ऐसा कर रहे हैं। इस कार्य में सहयोग करने वाले लोगों का वह हमेशा स्वागत करते हैं। आने वाले समय में वह एक बार फिर बड़ा धार्मिक आयोजन कराने का पूरा प्रयास करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उसका लाभ मिल सके।